श्रमिक सुरक्षा हो सर्वोपरि

जनमिलन केंद्र के पुनर्निर्माण को लेकर विधायक को घेरा

किच्छा : पुरानी गल्ला मंडी में निर्माणाधीन जनमिलन केंद्र के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर वार्डवासियों ने विधायक का घेराव किया। विधायक राजेश शुक्ला ने निर्माण पुनः प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। सभासद धनीराम के नेतृत्व में दर्जनों वार्ड 13 के लोग सुबह विधायक राजेश शुक्ला के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा अनुसूचित जाति के लोगों की मांग पर नगर पालिका द्वारा जनमिलन केंद्र का निर्माण कराया जा रहा था। परंतु कुछ लोग उसका विरोध कर रहे है। जबकि गरीब लोगों के लिए जनमिलन केंद्र वरदान साबित होगा। विधायक शुक्ला ने जनहित को सर्वोपरि बताते हुए इसकी जांच करवा पुर्ननिर्माण का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल, नंदराम प्रजापति, सुनील सागर, मनोज, बबलू, राजू, शंकर, रामगोपाल कोरी, अमित मौजूद थे।

मुलायम का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनेगा

रुद्रपुर : सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव का 74 वां जन्मदिन गुरुवार को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला प्रवक्ता मुख्तार अहमद ने बताया कि पुराना जिला अस्पताल में कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम

- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद राज्य चैप्टर का सेमिनार

जाका, रुद्रपुर : राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उद्यमियों को इसके लिए प्राथमिकता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। यह बात प्रदेश के श्रम मंत्री हरीश दुर्गापाल ने कही। नैनीताल मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के राज्य चैप्टर के सेमिनार में मुख्य अतिथि दुर्गापाल ने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहयोग देने को तत्पर है लेकिन उद्यमियों को भी चाहिए कि वे अपने उद्योगों में श्रमिकों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने उद्यमियों से पर्यावरण संरक्षित करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रम आयुक्त पीएस कुटियाल ने बताया कि राज्य में 40 अति खतरनाक प्रवृति के उद्योग हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के रसायनों का भंडारण व इस्तेमाल किया जाता है। दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर ऐसे उद्योगों को अति सतर्कता बरतनी जरूरी है। उप निदेशक कारखाना आरके सिंह ने चैप्टर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सेमिनार में विधायक राजकुमार ठुकराल, पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, केजीसीसीआइ के अध्यक्ष विकास जिंदल, पूर्व अध्यक्ष दरबारा सिंह, पीएम डिडोरकर, अजय तिवारी, आरके शर्मा, आशुतोष शर्मा, एमके राव, एस देवराजन समेत विभिन्न कारखानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

रुद्रपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उत्तराखंड चैप्टर के सेमिनार का शुभारंभ करते श्रम मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल। जागरण

क्रियाकलाप के जरिए पढ़ाने का प्रशिक्षण

रुद्रपुर: जेसीज पब्लिक स्कूल में आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन की ओर आयोजित कार्यशाला में शिक्षिकाओं को क्रियाकलाप के जरिए पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्राइमरी व प्री प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में ट्रेनर सोनिया रेलिया ने कहा कि क्रियाकलाप के जरिए शिक्षण को अधिक रुचिकर व प्रभावशाली बनाया जा सकता है। इससे बच्चे जल्दी सीखते हैं। बच्चों को इस तरह पढ़ाना चाहिए कि उनका सर्वांगीण विकास हो। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य वीबी नैनवाल व मुख्य अध्यापिका शैलजा ने सुश्री रेलिया का आभार प्रकट किया। कार्यशाला में स्कूल के महासचिव सुरजीत सिंह ने शिक्षिकाओं से प्रशिक्षण के अनुरूप बच्चों को पढ़ाने पर बल दिया।